जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, चूरू

क्रियात्मक अनुसंधान प्रतिवेदन सत्र – 2021–22

अनुसंधान का शीर्षक

''विद्यार्थियों को अंग्रेजी भाषा में शुद्ध उच्चारण करने में आने वाली समस्याओं के कारण व उनके निराकरण का प्रयास।''

अनुसंधानकर्ता

श्री संदीप कुमार मीणा, अ., राजकीय बालिका उच्च प्राथमिक विद्यालय, बासी मुन्दड़ा, सुजानगढ़, चूरू

1. शीर्षक :–
   ''विद्यार्थियों को अंग्रेजी भाषा में शुद्ध उच्चारण करने में आने वाली समस्याओं के कारण व उनके निराकरण का प्रयास।''
2. पृष्ठभूमि की आवश्यकता एवं महत्व :–
   मानव ज्ञान के विकास के लिए अनुसंधान आवश्यक है तभी जीवन का विकास संभव है। जब शिक्षक अपनी व्यक्तिगत समस्या को स्वयं वैज्ञानिक ढंग से हल करता है, विषय विशेष से संबंधित अनभिज्ञताओं, उलझनों, प्रश्नों का हल ढूंढ़ने की आकांक्षा रखता है। अपने निर्णय और क्रियाओं में निर्देशन, सुधार और मूल्यांकन करता है। मुझे इसकी आवश्यकता तब महसूस हुई जब मै कक्षा–8 में अंग्रेजी विषय का शिक्षण कार्य करवा रहा था मै जब पैरेग्राफ रिडिंग करवा रहा था तब मैने महसुस किया अधिकांश बच्चें रोजाना रूटीन शब्दों का शुद्ध उच्चारण नहीं कर पा रहे थे। इस समस्या से निजात पाने के लिए मैंने कक्षा–कक्ष में ज्यादा से ज्यादा रोजान रूटीन शब्दों को अंग्रेजी में बोलने का उपयोग शुरू किया। कक्षा–कक्ष के अन्दर बच्चों को ज्यादा से ज्यादा अंग्रेजी में बोलने का आत्मविश्वास पैदा किया। साउण्ड वर्ड चार्ट बनाकर कक्षा में चिपकाने व उसका अभ्यास करने के लिए प्रत्येक बच्चे को प्रेरित किया। बच्चों की झिझक को दूर करने के लिए Good morning, Good evening, Standup जैसे शब्दों का प्रयोग शुरू किया। कक्षा–कक्ष के अन्दर ग्रुप बनाकर गतिविधि आधारित कार्य करवाया। मैने ऐसे वाक्य चुने जो बच्चों ने कभी नहीं सुने थे। इस तरह मैंने कक्षा वातावरण तैयार किया और मुझे अच्छी सफलता भी प्राप्त हुई। बच्चे अब आसानी से बिना झिझक के रूटीन शब्दों का सही उच्चारण करने लगे।
3. सीमांकन :–
   रा.बा.उ.प्रा. विद्यालय के कक्षा 8 के कुल 13 विद्यार्थियों पर किया गया है।
4. शोध के उद्देश्य :– विद्यार्थियों के भाषा उच्चारण में आने वाली समस्या की जानकारी करना। बच्चें कक्षा–कक्ष में शब्दों का सही उच्चारण करने का प्रयास करेंगे।
5. क्षेत्र :– शैक्षणिक।
6. शोध के कारण व साक्ष्य :–

क्र.स.	कारण	साक्ष्य
1.	जब कक्षा में बच्चे से पैरेग्राफ रिडिंग करवा रहा था तो पाया कि कुछ बच्चें कठिन शब्दों का सही उच्चारण नहीं कर पा रहे थे।	अवलोकन
2.	विद्यालय के अन्य शिक्षकों ने भी अपनी राय दी कि कुछ बच्चे उनके शिक्षण के दौरान भी इस तरह के उच्चारण नहीं कर पाते है। गणित में भी समस्याओं को शब्दों में शुद्ध नहीं बोल पाते है।	अन्य विषय शिक्षकों से चर्चा।

7. परिकल्पना :–
   शोध के द्वारा यह परिकल्पना की जाती है कि अंग्रेजी भाषा का सही उच्चारण विद्यार्थी कर सकें। सही उच्चारण के लिए बार–बार रिपिट करने की प्रक्रिया का दोहरान।
8. क्रियात्मक के परीक्षण हेतु कार्ययोजना :–

क्र.स.	कार्ययोजना	कार्य जो करना है	साधन/उपकरण	समयावधि
1.	Alphabet letter	Vowel sound, chart, words, practice	a/aa/i/ee/u/oo/e/ai/o/au/an/ah	6
2.	Activity	Workbook, activity based rhyming	textbook	4

		words		
3.	Introduction	Daily routine words practice	look, book, cook, chart, knowledge	9

9. सारणी– मूल्यांकन के आधार पर :–

क्र.स.	श्रेणी	I		II		III	
1.	मेधावी	3	20%	3	20%	7	55%
2.	औसत	5	40%	5	40%	5	40%
3.	कमजोर	5	40%	5	40%	1	05%
		13		13		13	

10. दत विश्लेषण :–

क्रियात्मक अनुसंधान के दत संकलन से एकत्रित आकड़ों का विश्लेषण करने पर ज्ञात होता है कि प्रायोजना प्रारम्भ करने से पूर्व किये गये अवलोकन में कक्षा 8 के विद्यार्थी अंग्रेजी शब्दों का Pure pronounuation उचित प्रकार से नहीं कर पा रहे थे। गहन अवलोकन के द्वारा ज्ञात हुआ कि उनमें अंग्रेजी पढ़ने में उचित अभ्यास की नितांत अभाव था। अवलोकन से यह भी ज्ञात हुआ कि विद्यार्थियों मं आत्मविश्वास का भी नितांत अभाव था। विद्यार्थियों में अंग्रेजी विषय के प्रति रूचि बढ़ाने के साथ–साथ विविध क्रियात्मक व गतिविधि करवाई गई, जिससे विद्यार्थियों में आश्चर्यजनक तरीके से सुधार देखा गया तथा लगभग विद्यार्थी रोजाना रूटिन में अंग्रेजी शब्दों को अपनाने लगे तथा Pure pronounuation का स्तर कक्षा स्तर के अनुरूप दिखाई देने लगा।

11. निष्कर्ष :–

शोध के बाद देखा गया कि सभी विद्यार्थी अंग्रेजी विषय के प्रति रूचि दिखाने लगे। विद्यार्थियों को उनकी रूचि व परिवेश से संबंधित विषयों पर बोलने का मौका मिला। शोध कार्य करने से उनके आत्मविश्वास में बढ़ोतरी हुई। उनमें अभिव्यक्ति कौशल का विकास हुआ।

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, चूरू

क्रियात्मक अनुसंधान प्रतिवेदन सत्र – 2021–22

अनुसंधान का शीर्षक

''विद्यार्थियों में गणितीय संक्रियाओं को व्यवहारिक जीवन से जोड़कर सिखाने का प्रयास।''

अनुसंधानकर्ता

मो. याकूब खान मोयल, अ., ठा. देवीसिंह राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, कांगड़, रतनगढ़, चूरू

1. ''विद्यार्थियों में गणितीय संक्रियाओं को व्यवहारिक जीवन से जोड़कर सिखाने कर प्रयास''।
2. शोध की प्रस्तावना :–
   एक विषय के रूप में गणित मनुष्य के दैनिक जीवन के प्रत्येक पहलू से जुड़ा हुआ है। दैनिक जीवन के साथ ही विज्ञान और प्रौधोगिकी के इस युग में गणित की शिक्षा का ठोस आधार सभी के लिए परम आवश्यक समझा जाता है। विचार, तर्क व विश्लेषण शक्ति के विकास के लिए वर्तमान समय में गणित अति आवश्यक है। एनसीएफ 2005 व आरटीई 2009 में विभिन्न प्रकार के नवाचारों द्वारा गणित को व्यवहारिक जीवन से जोड़कर सीखाने पर बल दिया गया है।
3. शोध का औचित्य :–
   अक्सर यह देखने में आया है कि छात्र प्राथमिक कक्षा से ही गणित विषय को अत्यधिक कठिन विषय मानकर 'गणित फोबिया' से ग्रसित हो जाते है जिससे प्राथमिक स्तर से गणित विषय में कमजोर रह जाते है। इसका प्रमुख कारण इस समस्या के रूप में देखा गया है कि विद्यार्थी गणितीय तथ्यों को वास्तविक जीवन से नही जोड़ पाते है। जिससे उन्हे गणित केवल अंक जाल वाला विषय लगता है। अतः यह आवश्यकता महसूस की गई कि अध्यापकों द्वारा गणित विषय को दैनिक जीवन की गतिविधियों से जोड़कर सीखाने की आवश्यकता महसूस की गई जिससे छात्रों के आत्मविश्वास में वृद्धि होगी और वे गणित विषय को सीखने के प्रति रूचि उत्पन्न कर सकेंगे।
4. सीमांकन :–
   ठाकुर देवीसिंह रा.उ.मा.वि., कांगड़ के कक्षा 5 के विद्यार्थियों तक सीमित है।
5. शोध उद्देश्य :–
   संक्रियाओं के अधिगम में आने वाली समस्याओं का अध्ययन करना। आकृतियों के अधिगम को सुगम बनाने का प्रयास करना।
6. क्षेत्र :– शैक्षिक ।
7. शोध समस्या के कारण एवं साक्ष्य :–

क्र.स.	कारण	साक्ष्य
1.	छात्रों द्वारा गणितीय संक्रियाओं से संबंधित दैनिक जीवन के सामान्य प्रश्नों का उतर नही दे पा रहे है।	प्रश्नोतर द्वारा
2.	छात्र गणितीय संक्रियाओं को हल नही कर पा रहे है।	गृहकार्य जांच
3.	छात्र ज्यामितीय आकृतियों को पहचान नही कर पा रहे है।	चित्र के साथ प्रश्नोतर द्वारा
4.	दैनिक जीवन के हिसाब किताब के सामान्य प्रश्नों का सही जवाब नही दे पाना	प्रश्नोतर द्वारा

8. क्रियात्मक परिकल्पनाएं :–
   पूर्व निर्धारित उद्देश्यों कि प्राप्ति के लिए पूर्व निर्धारित समस्या के लिए निम्न परिकल्पनाएं निर्धारित की गई –
   - गणितीय संक्रियाओं को दैनिक जीवन से संबंद्ध कर अध्यापन कराना जिससे छात्रों में गणितीय संक्रियाओं की समझ स्थाई हो सकेगी।
   - दैनिक जीवन में उपयोग में आने वाली वस्तुओं से ज्यामितीय आकृतियों की पहचान करवाएंगे जिससे छात्र उन आकृतियों को आसानी से आत्मसात कर सकें।

- ऐकिक नियम से संबंधित प्रश्न आसानी से हल कर सकेगें।

9. क्रियात्मक परिकल्पना के परीक्षण हेतू कार्ययोजना :–

पूर्व परीक्षण

क्र.स.	छात्र/छात्रा का नाम	पूर्णांक	प्राप्तांक
1.	पूनमचंद	20	5
2.	मनीषा ढ़ाका	20	4
3.	अशोक लुहार	20	3
4.	अभिषेक	20	5
5.	मधुसुदन	20	4
6.	रविश	20	7
7.	वासुदेव	20	2
8.	मोनिका	20	4
9.	पूजा	20	2
10.	अमित कुमार	20	4

10. कार्ययोजना का क्रियान्वयन :–

मेरे द्वारा ठा. देवीसिंह रा.उ.मा.वि., कांगड़ कि प्राथमिक कक्षाओं में विशेषतः कक्षा 5 में गणित विषय का स्तर जांचने पर पाया कि छात्रों कि गणित विषय के प्रति रूचि कम है तथा उनका गणित विषय में अधिगम स्तर न्यून है तथा गणित में संक्रियाएं व ज्यामितीय आकृतियों की पहचान करने में असहजता सहसूस कर रहें है।

- गतिविधि 1 :– सर्वप्रथम छात्रों को आयत,वर्ग, त्रिभूज, वृत कि आकृति श्यामपट्ट पर बनाकर उनके नाम बताने के लिए कहा गया, जिसमें से कुछ छात्रों द्वारा बिल्कुल गलत जवाब दिए गए तो कुछ छात्रों द्वारा त्रुटिपूर्ण जवाब प्रस्तुत किए।
- गतिविधि 2 :– अब छात्रों से दैनिक जीवन में काम आने वाली बहुत सामान्य सी वस्तुओं जैसे – ईंट, चारपाई, चूड़ी, माचिस की डिब्बी, साईकिल के पहिए, पतंग, कमरे की आकृति इत्यादि का उदाहरण देकर आयत, वर्ग, त्रिभुज व वृत की आकृतियों की पहचान करवाई गई।
- गतिविधि 3 :– छात्रों से आयत, वर्ग, त्रिभुज व वृताकार आकार वाली वस्तुओं के 2–2 चित्र बनाने का अभ्यास करवाया गया।
- गतिविधि 4 :– छात्रों को दैनिक जीवन के हिसाब किताब व संक्रियाएं सीखाने के लिए 'बनिया व ग्राहक' नाटक के मंचन द्वारा उक्त संकिया सीखने को व्यवहारिक जीवन से जोड़ा गया।
- गतिविधि 5 :– छात्रों को नाटक मंचन व दैनिक जीवन में काम आने वाली वस्तुओं से अध्ययन कराने से छात्रों में गणितीय संक्रियाओं को हल करने में रूचि जागृत हुई। तथा उन्हे पैन, पेंसिल, रबर, शॉपनर आदि पुरस्कार दिए जाने से सभी छात्रों में गणितीय संक्रियाओं को हल करने तथा पुरस्कार प्राप्त करने की लालसा उत्पन्न हुई तथा छात्र धीरे–धीरे गणित विषय में रूचि लेने लगे।

11. प्रयुक्त शोध उपकरण :–

स्वनिर्मित प्रश्नावली।

एबीएल किट।

कार्यपुस्तिका।

गृहकार्य जांच।

12. न्यादर्श :–

मेरी समस्या शैक्षिक थी और यह समस्या ठा. देवीसिंह रा.उ.मा.वि., कांगड़ के कक्षा 5 के 10 छात्र मेरा न्यादर्श थे।

13. विधि :–

क्रियात्मक शोध में समस्या समाधान के लिए निदानात्मक तथा उपचारात्मक विधि का प्रयोग किया गया।

पश्च परीक्षण :–

क्र.स.	छात्र/छात्रा का नाम	पूर्णांक	प्राप्तांक
1.	पूनमचंद	20	20
2.	मनीषा ढ़ाका	20	18
3.	अशोक लुहार	20	16
4.	अभिषेक	20	8
5.	मधुसुदन	20	9
6.	रविश	20	20
7.	वासुदेव	20	18
8.	मोनिका	20	17
9.	पूजा	20	16
10.	अमित कुमार	20	19

M_2=16.3 J_2=4.13

14. निष्कर्ष :–

क्रियात्मक शोध के पश्चात् प्राप्त परिणामों व अनुभवों के आधार पर कहा जा सकता है कि प्रत्येक बच्चे में सीखने की क्षमता होती है। वस्तुतः सीखने के तरीके व मार्ग पृथक–पृथक हो सकते है। यदि बच्चों को उनकी आवश्यकता व रूचि के अनुसार अलग–अलग गतिविधियों द्वारा कक्षा कक्ष के ज्ञान को व्यवहारिक ज्ञान से जोड़ दिया जाए तो बच्चों में आशानुरूप परिवर्तन आना निश्चित ही है।

तुलनात्मक परिणाम का अध्ययन :–

क्र.स.	छात्र/छात्रा का नाम	पूर्व परख			पश्च परख		
		प्रारम्भिक स्थिति			द्वितीय स्थिति		
		पूर्णांक	प्राप्तांक	प्रतिशत	पूर्णांक	प्राप्तांक	प्रतिशत
1.	पूनमचंद	20	5	45	20	20	100
2.	मनीषा ढ़ाका	20	4	20	20	18	90
3.	अशोक लुहार	20	3	15	20	16	80
4.	अभिषेक	20	5	25	20	8	40
5.	मधुसुदन	20	4	20	20	9	45
6.	रविश	20	7	35	20	20	100
7.	वासुदेव	20	2	10	20	18	90
8.	मोनिका	20	4	20	20	17	85
9.	पूजा	20	2	10	20	16	80
10.	अमित	20	4	20	20	19	95

	कुमार						

$M_{1=}$ 4.4 O_1=2.06 M_2=16.3 O_2=4.13 CR=8.15

15. सुझाव :–

क्रियात्मक शोध के पश्चात् बच्चों में व्यवहारगत अधिगम स्तर उच्च हो रहा है। अतः इस अपेक्षित व्यवहारगत परिवर्तन के लिए किये गए प्रयास यद्यपि अपेक्षाकृत अपने लक्ष्य की प्राप्ति में सहायक है लेकिन इसके साथ ही इसमें और अधिक छात्र शिक्षक सहभागिता सम्मिलित कर इसे और प्रभावशाली बनाया जा सकता है।

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, चूरू

क्रियात्मक अनुसंधान प्रतिवेदन सत्र – 2021–22

अनुसंधान का शीर्षक

''कक्षा 8 में गणित विषय की मूलभूत संक्रियाओं की न्यून समझ में उन्नयन का प्रयास।''

अनुसंधानकर्ता

श्री विकास कुमार, अध्यापक, राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, केरली बास, राजगढ़, चूरू

शीर्षक :–

''कक्षा 8 में गणित विषय की मूलभूत संकियाओं की न्यून समझ में उन्नयन का प्रयास ''।

समस्या चयन की पृष्ठभूमि/प्रस्तावना :–

प्राय विद्यालयों की उच्च प्राथमिक कक्षाओं में गणित विषय का अध्यापन करवाते समय यह देखा जाता है कि विद्यार्थी लगभग हर प्रकरण में विषय की मूलभूत संक्रियाओं से संबंधित छोटी–छोटी गलतियां कर ही देते है जिसके कारण अन्ततः पूरा सवाल ही गलत हो जाता है। इसका मूल कारण विद्यार्थियों में इन संकल्पनाओं तथा पांच अंको तक की संख्याओं को लेकर व्यावहारिक, वैकल्पिक तथा पक्का ज्ञान ना होना है। जिसके कारण बच्चों की विचार प्रक्रिया का गणितीयकरण नही हो पाता। इस हेतु यह एक सामान्य मत है कि संक्रियाओं में समझ विकसित करने के लिए तथा संकल्पनाओं को मूर्तता प्रदान करते हुए अधिगम प्रणाली में सुधार अपेक्षित है जो विद्यार्थियों के चिंतन बहुआयामी बनाने में सहायक हो।

समस्या चयन के उद्देश्य :–

बालकों की इस विषयगत शैक्षिक समस्या के चयन के निम्न आधारभूत उद्देश्य लक्षित किऐ गऐ।

- कक्षा शिक्षण के दौरान सामान्य संक्रियाओं को विद्यार्थियों द्वारा मौखिक रूप से अल्प समय में हल कर पाने कर कौशल विकसित कर पाना।
- विद्यार्थियों में मौलिकता, तार्किकता तथा रूचि जागृत करना।
- विद्यार्थियों द्वारा गणितीय संक्रियाओं को अपने दैनिक जीवन से जोड़ पाने का कौशल विकसित कर पाना।

क्षेत्र :– शैक्षिक ।

समस्या का परिक्षेत्र/सीमांकन :– रा.उ.प्रा. विद्यालय, केरली बास के कक्षा 8 के विद्यार्थी।

शोध समस्या के कारण एवं साक्ष्य :–

क्र.स.	कारण	साक्ष्य
1.	मौखिक रूप से संक्रियाओं से संबंधित सवालों के उतर न दे पाना	विद्यार्थियों से वार्तालाप
2.	इकाई परख में छात्रों का न्यून प्रदर्शन	परीक्षाफल रजिस्टर तथा परीक्षा उतर पुस्तिका
3.	कक्षा शिक्षण के दौरान बच्चों द्वारा संक्रियाओं में अधिक समय का लगना	कक्षा अवलोकन
4.	गणित शिक्षण के दौरान बच्चों की न्यून सहभागिता एवं जिज्ञासा	कक्षा अवलोकन

क्रियात्मक परिकल्पनाएं :–

विद्यार्थियों में गणित की मूल संक्रियाओं की न्यून समझ को विकसित करने हेतु निम्न क्रियात्मक परिकल्पनाऐं परिकल्पित की गई–

- छात्रों को 6 अंको तक की संख्याओं को अंको व शब्दों में लिखने का पर्याप्त अभ्यास करवाया जाऐ
- छात्रों को मूलभूत संक्रियाओं के आपसी संबंधों की जानकारी देते हुए सतत अभ्यास करवाया जाऐ।

- विभिन्न गणितीय संक्रियाओं से जुड़ी पहेलियों का कक्षा शिक्षण में उपयोग तथा गणितीय सूत्रों की मूर्त व्याख्याऐं की जावें।
- ज्यामितीय आकृतियों की पहचान का अभ्यास।

उपकरण :– साक्षात्कार, अवलोकन, पूर्व व पश्च परख पत्र, इकाई परख आदि।

कार्ययोजना का क्रियान्वयन :–

क्र.स.	गतिविधियां	समय	मूल्यांकन
1.	पूर्व परख	1 दिन	पूर्व परख पत्र
2.	6 अंको की संख्याओं की पहचान तथा उन्हे अंको व शब्दों में लिखने का अभ्यास	2 दिन	इकाई–परख
3.	संक्रियाओं का पर्याप्त अभ्यास व मौखिक गतिविधियां	2 दिन	इकाई–परख
4.	ज्यामितीय आकृतियों की पहचान का अभ्यास	2 दिन	इकाई–परख
5.	पश्च परख	1 दिन	परख पत्र
6.	प्रतिवेदन	1 दिन	–

न्यादर्श :–

रा.उ.प्रा. विद्यालय, केरली बास, की कक्षा 8 के 10 विद्यार्थी।

दत संकलन :–

सारणी क्रमांक 1

इकाई मूल्यांकन के आधार पर–

क्र.स.	श्रेणी	प्रथम		द्वितीय		तृतीय	
1.	मेधावी	2	20	2	20	2	20
2.	औसत	3	30	4	40	5	50
3.	कमजोर	5	50	4	40	3	30
	योग	10		10		10	

सारणी क्रमांक 2

पूर्व परख व पश्च परख जांच के आधार पर

क्र.स.	श्रेणी	प्रथम		द्वितीय	
1.	मेधावी	0	0	2	20
2.	औसत	2	20	5	50
3.	कमजोर	8	80	3	30
	योग	10		10	

दत विश्लेषण :–

क्रियात्मक अनुसंधान के दत संकलन से एकत्रित आंकड़ों का विश्लेषण करने पर ज्ञात होता है कि प्रायोजना प्रारम्भ करने से पूर्व लिए गये पूर्व जांच पत्र में एक भी विद्यार्थी मेधावी नहीं था। 2 छात्र औसत दर्जे के व 8 छात्र कमजोर थे अर्थात कुल विद्यार्थियों में 20 प्रतिशत विद्यार्थी औसत तथा 80 प्रतिशत विद्यार्थी कमजोर की श्रेणी में थे।

कार्ययोजना के अन्तर्गत उपचारात्मक शिक्षण के दौरान प्रथम इकाई परख के आंकड़ों से ज्ञात होता है कि छात्रों के शैक्षिक स्तर में थोड़ा सुधार हुआ इसमें 2 छात्र मेधावी, 3 औसत एवं 5 कमजोर रहे। द्वितीय परख के पश्चात मेधावी छात्रों की संख्यां में तो कोई परिवर्तन नही हुआ

परन्तु औसत दर्जे के छात्रों की संख्यां बढकर 4 तथा तृतीय परख में यह संख्यां 5 हो गई तथा कमजोर छात्रों की संख्यां 3 रह गई। क्रियात्मक अनुसंधान के अंतिम चरण में पश्च परख में 2 छात्र मेधावी, 5 छात्र औसत तथा 3 छात्र कमजोर रहे। अर्थात 70 प्रतिशत छात्रों में संक्रियात्मक समझ का विकास हुआ है परन्तु 30 प्रतिशत विधार्थी अभी भी कमजोर रहे। शोधकर्ता का इस बारे मे मत है कि प्रायोजना के अन्तर्गत शिक्षण कार्य एवं अभ्यास कार्य में ये 30 प्रतिशत विद्यार्थी भी अपेक्षाकृत धीमी गति से सीख पा रहे है।

निष्कर्ष :–

- मूलभूत संक्रियाओं को पृथक–पृथक करके शिक्षण करवाया जाना अधिगम में सुगमता प्रदान करता है।
- पहाड़े याद करना तथा उन्हे संक्रियाओं में लागू करना इस स्तर पर थोड़ा कठिनाई वाला कार्य है।
- छात्र विभिन्न ज्यामितीय आकृतियों में परस्पर संबंध एवं अन्तर करने में कठिनाई महसूस करते है।

सुझाव :–

- परिकल्पना के अनुसार कार्य योजना में अधिक समय तक निरन्तरता की आवश्यकता महसूस की गई।
- इसे छोटी कक्षाओं से प्रारम्भ किया जावे तो ज्यादा अच्छा होगा।

शैक्षिक उपादेयता :– इस कार्य योजना से कार्य करने का लाभ गणित शिक्षण के सभी टांपिक्स में होगा।

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, चूरू

क्रियात्मक अनुसंधान प्रतिवेदन सत्र – 2021–22

अनुसंधान का शीर्षक

''हिन्दी भाषा शिक्षण अधिगम प्रक्रिया सुगम बनाने के लिए विद्यार्थियों से अधिगम सहायक सामग्री निर्मित करवाने का प्रयास ।''

अनुसंधानकर्ता

श्री सुरेश डूडी, अध्यापक, राजकीय प्राथमिक विद्यालय, जोरावरपुरा, सरदारशहर, चूरू

शोध का शीर्षकः–

रा.बा.उ.प्रा.वि.रेताणा बास भालेरी (तारानगर) में हिन्दी भाषा शिक्षण अधिगम प्रक्रिया सुगम बनाने के लिए विधार्थियों से अधिगम सहायक सामग्री निर्मित करवाने का प्रयास।

1.प्रस्तावनाः–

वर्तमान समय में वही शिक्षक छात्रो के लिए आदर्श होता है और उसी शिक्षक का शिक्षण आदर्श शिक्षण कहलाता है जो अपनी पाठ्यसामग्री को रोचक अधिगम सहायक सामग्री के माध्यम से प्रस्तुत करता है परन्तु मैनं विद्यालय में पाया कि कक्षा–कक्ष में विधार्थी एवं शिक्षक अधिगम सहायक सामग्री का उपयोग नही करते है जिससे विधार्थी अध्ययन–अध्यापन के समय अपेक्षित रूचि नही लेते है। अतः इन समस्याओं के कारण जानने एवं इनके समाधान हेतु यह क्रियात्मक अनुसंधान किया जा रहा है।

2. आवश्यकता व औचित्यः–

इस विषय पर अनुसंधान का महत्व इसलिए है क्योंकि आधुनिक शिक्षा प्रणाली में सहायक सामग्री के संबंध में कई नवाचार हुए जिनकी सहायता से अधिगम को रोचक व प्रभावपूर्ण बनाया जा सकता है। तथा विधार्थी स्वयं शिक्षक की सहायता से सहायक सामग्री के निर्माण एवं उपयोग करने से सिखे हुए ज्ञान को लम्बे समय तक अपने समृति पटल में संजोय रख सकते है। इसलिए विद्यालय में हिन्दी भाषा शिक्षण की अधिगम सहायक सामग्री के निर्माण की आवश्यकता महसूस हुई है।

3.प्रस्तावित अनुसंधान के उद्देश्यः–

1. विद्यालय में अधिगम सहायक सामग्री के अभाव के कारणों का पता लगाना।
2. कक्षा–कक्ष में अपेक्षित सहायक सामग्री की जानकारी करना
3. विधार्थियों द्वारा निर्मित की जा सकने वाली सहायक सामग्री के निर्माण की संभावनाए खोजना एवं विधार्थियों से निर्माण करवाना।
4. .निर्मित सहायक सामग्री का कक्षा–कक्ष अधिगम प्रक्रिया में उपयोग कर शैक्षिक स्तर प्रोन्नत करना।
5. विधार्थियों मे सृजनात्मक क्षमता एवं समूह में कार्य करने की भावना का विकास करना।

4. समस्या कथनः–

शोधकर्ता द्वारा ली गई समस्या का कथन था 'रा.बा.उ.प्रा.वि.रेताणा बास भालेरी (तारानगर) में हिन्दी भाषा शिक्षण अधिगम प्रक्रिया सुगम बनाने के लिए विधार्थियों से अधिगम सहायक सामग्री निर्मित करवाने का प्रयास।

5. समस्या का क्षैत्र– शैक्षिक

6 सीमांकन – रा.बा.उ.प्रा.वि.रेताणा बास भालेरी (तारानगर) की कक्षा 7 के विधार्थी।

7. संभावित कारण एवं साक्ष्यः–

क्रं.सं	संभावित कारण	साक्ष्य
1	विद्यालय में आवश्यक सहायक सामग्री का अभाव	शिक्षक द्वारा अवलोकन
2	सहायक सामग्री के अभाव में विधार्थियों द्वारा अधिगम में रूचि न लेना	शिक्षक द्वारा अनुभव व विधार्थियों से बातचीत द्वारा
3	सहायक सामग्री की बाजार लागत अधिक होना	शिक्षक द्वारा अनुभव
4	सहायक सामग्री निर्माण में छात्रों एवं शिक्षक की उदासिनता	छात्रों एवं शिक्षक के मध्य बातचीत द्वारा

8. परिकल्पनाः–

प्रथम परिकल्पना :– भाषा शिक्षण को सुलभ बनाने के लिए विधार्थियों से अधिगम सहायक सामग्री निर्मित करवायी जा सकती है।

द्वितिय परिकल्पनाः– निर्मित अधिगम सहायक सामग्री एवं उपलब्ध सहायक सामग्री के उपयोग से अधिगम स्तर का प्रौन्नत किया जा सकता है।

9. न्यादर्शः–

इस क्रियात्मक शोध का न्यादर्श रा.बा.उ.प्रा.वि.रेताणाबास भालेरी (तारानगर) की कक्षा 7 था।

10. उपकरणः–

इस क्रियात्मक शोध के लिए निम्नलिखित स्वनिर्मित उपकरण प्रयुक्त किये गये थे।

1. अवलोकनी
2. प्रश्नावली
3. शिक्षक एवं विधार्थियों के मध्य बातचीत(साक्षात्कार)

11. शोधविधिः–

1. निदानात्मक–उपचारात्मक
2. परीक्षा
3. प्रयोगविधि

12. कार्ययोजना का विकास एवं क्रियान्वयनः–

शोधकर्ता द्वारा क्रियात्मक अनुसंधान की परिकल्पना के क्रियान्वयन हेतु निम्न कार्य–योजना का निर्माण किया गया।

क्र.सं.	क्रियाएं	क्रियान्वति की विधि	साधन	अवधि
1	हिन्दी भाषा शिक्षण में उपयोग की जा सकने वाली अधिगम सहायक सामग्री के अभाव के कारणों का पता लगाना	सहयोगियों से विचार विमर्श करके कारणों का पता किया	अवलोकन एवं बातचीत द्वारा	आधा दिवस
2	अपेक्षित अधिगम सहायक सामग्री की सूचि तैयार करना	सहयोगियों से विचार विमर्श करके सूचि तैयार की	पाठ्यक्रम एवं विधार्थियों के अधिगम स्तर के अनुसार	आधा दिवस
3	विधार्थियों एवं शिक्षक द्वारा निर्मित की जा सकने वाली सहायक सामग्री का वर्गीकरण एवं चयन करना	शिक्षण अधिगम क्रियाकलापों की विवेचना करके एवं विधार्थियों से बातचित करके वर्गीकृत एवं चयन किया	विधार्थियों के स्तर के अनुरूप एवं सूचि	आधा दिवस
4	विधार्थियों द्वारा सामग्री निर्माण हेतु सामग्री की व्यवस्था करना एवं सामग्री निर्माण करना	सहयोगियों एवं छात्रों द्वारा मदद प्राप्त करके	सूचि एवं सामग्री(चार्ट कलर पेन्सिल रब्बर इत्यादि)	आधा दिवस
5	विधार्थियों द्वारा निर्मित अधिगम सामग्री का शिक्षण प्रक्रिया में उपयोग करना	विधार्थी एवं शिक्षक मिलकर अधिगम सामग्री का उपयोग किया	पाठ्यक्रम एवं अधिगम सहायक सामग्री	4 दिवस
6	विधार्थियों के अधिगम स्तर की प्रगति ज्ञात करना	सहयोगियों की सहायता से प्रश्नपत्र निर्माण एवं परीक्षा का आयोजन करके	वस्तनिष्ठ एवं प्रयोगात्मक प्रश्नपत्र द्वारा	1 दिवस
कुल				7 दिवस

गतिविधिः–

1. सर्वप्रथम शोधकर्ता ने सहयोगियों के माध्यम से समस्या को चिन्हित किया तथा समस्या के कारणों का पता लगाया
2. हिन्दी भाषा शिक्षण में उपयोग की जा सकने वाली अधिगम सहायक सामग्री की सूचि बनायी गई तथा तैयार सूचि से विधार्थियों द्वारा बनाये जाने वाली सहायक सामग्री का चयन किया।
3. सहायक सामग्री के निर्माण हेतु प्रयुक्त किये जानी वाली सामग्री को सहयोगियों की सहायता से उपलब्ध कराया गया।
4. विधार्थियों ने शिक्षक की सहायता से सामग्री निर्माण की यथा विलोम शब्द चार्ट, तद्भव–तत्सम में वर्गीकरण एवं चित्रों के माध्यम से कहानी लेखन हेतु चित्र बनाये गये।
5. निर्मित सहायक सामग्री का उपयोग अधिगम प्रक्रिया में करके विषयवस्तु अवधारणा को समझने का प्रयास किया।
6. अन्त में परीक्षा के माध्यम से बच्चों की प्रगति के स्तर का पता लगाया गया।

13 दत्त संकलनः–

पूर्व जांच

सारणी क्रमांक 1.

क्रं.सं.	श्रेणी	अकांनुसार वर्ग	विधार्थियों की सख्यां	प्रतिशत
1	कमजोर	0–5	6	60
2	औसत	6–10	3	30
3	मेधावी	11–15	1	10
4	**योग**		**10**	**100**

पश्च जांच

सारणी क्रमांक 2

क्रं.सं.	श्रेणी	अकांनुसार वर्ग	विधार्थियों की सख्यां	प्रतिशत
1	कमजोर	0–5	1	10
2	औसत	6–10	4	40
3	मेधावी	11–15	5	50
4	**योग**		**10**	**100**

14. दत्त विश्लेषण :–

प्राप्त आंकड़ो के विश्लेषण से ज्ञात हुआ कि हिन्दी भाषा शिक्षण अधिगम प्रक्रिया में अधिगम सहायक सामग्री निर्माण से विधार्थियों में सृजनात्मक कौशल विकसित हुआ एवं निर्मित सहायक सामग्री का प्रयोग अधिगम प्रक्रिया में करने से विधार्थियों का अधिगम स्तर प्रौन्नत हुआ है। अतः परिकल्पनाओं को स्वीकार किया जाता है।

15. निष्कर्षः–

शोधकर्ता द्वारा क्रियात्मक अनुसंधान के क्रियान्वयन से स्पष्ट है कि समस्यों का सहयोग पूर्वक समाधान किया जाये जो कम लागत में भी शिक्षण को प्रभावी बनाने वाली अधिगम सहायक सामग्री का निर्माण विद्यालय स्तर पर भी किया जा सकता है। इससे न केवल शिक्षण प्रभावी हुआ अपितु सिखे हुए ज्ञान में स्थाईत्व भी आएगा एवं अध्ययन–अध्यापन की प्रक्रिया में कक्षा कक्ष का वातवरण सकारात्मक बनेगा।

16.सुझावः–

1. अध्यापक प्रक्रिया में अध्यापक एवं विधार्थियों में अन्तःक्रियाएं निरंतर होनी चाहिए।
2. अधिगम प्रक्रिया में अधिगम के साथ सृजनात्मक एवं अन्य कौशल का विकास भी होना चाहिए।

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, चूरू

क्रियात्मक अनुसंधान प्रतिवेदन सत्र – 2021–22

अनुसंधान का शीर्षक

''कक्षा 8 के विद्यार्थियों हेतु उपचारात्मक शिक्षण स्थितियों की अपेक्षाओं को चिन्हित कर शिक्षण व्यवस्था करने का प्रयास।''

अनुसंधानकर्ता

श्री दिलबागसिंह, अ., राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, भासीणा, सुजानगढ़, चूरू

शीर्षक :–

''कक्षा 8 के विद्यार्थियों हेतु उपचारात्मक शिक्षण स्थितियों की अपेक्षाओं को चिन्हित कर शिक्षण व्यवस्था करने का प्रयास ''।

शोध का औचित्य/आवश्यकता/समस्या की पृष्ठभूमि :–

हिन्दी शिक्षण के दौरान मैंने पाया है कि विद्यार्थी पाठ पढ़ते समय एवं लिखित गृहकार्य करते समय कई प्रकार की त्रुटियां करते हैं। विद्यार्थियों द्वारा की गई भाषायी अशुद्धियों के शुद्धीकरण हेतु उपचारात्मक शिक्षण की आवश्यकता है। उपचारात्मक शिक्षण करके बालकों की मौखिक एवं लिखित अभिव्यक्ति में अभिवृद्धि करना परमावश्यक है। शिक्षक द्वारा विद्यार्थियों के लिखित गृहकार्य की गहन जांच कर अशुद्धियों को शुद्धियों में परिवर्तित करने के लिए उपचारात्मक शिक्षण का महत्वपूर्ण योगदान है।

सीमांकन :– कक्षा 8 रा.मा.वि., गेडाप, सुजानगढ़।

शोध उद्देश्य :–

- छात्रों द्वारा की गयी वर्तनी संबंधी अशुद्धियों का निराकरण करना।
- विराम चिंहों संबंधी त्रुटियों का निराकरण करना।
- छात्रों में लेखन कौशल का विकास करना।

क्षेत्र :– शैक्षिक ।

क्षेत्र :– शैक्षिक ।

शोध समस्या के कारण एवं साक्ष्य :–

क्र.स.	कारण	साक्ष्य
1.	छात्रों द्वारा गृहकार्य करते समय लापरवाही करना।	अभ्यास पुस्तिकाओं का अवलोकन
2.	छात्रों द्वारा गृहकार्य करते समय की गई त्रुटियां।	अवलोकन
3.	त्रुटियां न करने वाले छात्रों को प्रोत्साहित नहीं करना।	अवलोकन व अध्यापकों से वार्ता
4.	छात्रों का विराम चिन्हों से अनभिज्ञ होना।	अवलोकन

क्रियात्मक परिकल्पनाएं :–

- छात्रों द्वारा किया गया लिखित गृहकार्य जांच गहनता से करते हुए वर्तनी की अशुद्धियों को गोले लगाकर वर्तनी शुद्ध लिखने पर वर्तनी संबंधी अशुद्धियां कम हो जायेंगी।
- अध्यापक द्वारा छात्रों की अभ्यास पुस्तिकाओं में विराम चिन्ह संबंधी अशुद्धियों को ठीक करने पर विराम चिन्ह अशुद्धियां कम हो जायेंगी।
- प्रत्येक शनिवार को श्रुतिलेख व सुलेख प्रतियोगिता का आयोजन कर छात्रों को प्रार्थना सभा में प्रोत्साहित करने पर छात्रों में लेखन कौशल का विकास हो जायेगा।

उपकरण :– साक्षात्कार, अवलोकन, पूर्व व पश्च परख पत्र, इकाई परख आदि।

क्रियात्मक परिकल्पना का परीक्षण हेतु कार्ययोजना :–

क्र. स.	कार्ययोजना बिन्दू	कार्ययोजना विवरण	उपकरण	समयावधि

1.	वर्तमान स्थिति का आकलन	1. मेरे द्वारा कक्षा 8 के विद्यार्थियों द्वारा हिन्दी विषय में सामान्यतः वर्तनी अशुद्धियां व विराम चिन्ह संबंधी अशुद्धियों की पहचान की। 2. विद्यार्थियों में लेखन कौशल अभाव पाया गया।	उतरपुस्तिका अभ्यास पुस्तिका	1 दिन
2.	पूर्व परीक्षण	मेरे द्वारा विद्यार्थियों को चिन्हित की गयी अशुद्धियों की जांच हेतु पूर्व परख लिया।	पूर्व परीक्षण उतरपत्रक	1 दिन
3.	गतिविधि क्रियान्वयन	1. अभ्यास पुस्तिकाओं की जांच कर वर्तनी संबंधी अशुद्धियों के गोले लगाकर अनुवर्तन किया गया। 2. अभ्यास पुस्तिकाओं में विराम चिन्ह संबंधी त्रुटियों का निराकरण किया। 3. लेखन कौशल के विकास के लिए श्रुतिलेख व सुलेख लेखन कराया।	अभ्यास पुस्तिका	3 दिन
4.	पश्च परीक्षण	विद्यार्थियों में सुधार की जांच करने हेतु पश्च परख लिया।	पश्च परीक्षण उतरपत्रक	1 दिन

न्यादर्श :–

रा.मा.वि. गेडाप, सुजानगढ़, की कक्षा 8 के 22 विद्यार्थी।

दत संकलन :–

अनुसंधान पूर्व की स्थिति के आधार पर तुलना व वर्गीकरण–

क्र.स.	वर्गीकरण	अंकानुसार	विद्यार्थी	योग
1.	मेधावी	14–20	03	03
2.	औसत	8–12	15	15
3.	कमजोर	2–6	04	04

अनुसंधान पश्चात की स्थिति के आधार पर तुलना व वर्गीकरण–

क्र.स.	वर्गीकरण	अंकानुसार	विद्यार्थी	योग
1.	मेधावी	14–20	03	03
2.	औसत	8–12	15	15
3.	कमजोर	2–6	04	04

निष्कर्ष :–

विद्यार्थियों के लेखन, पठन एवं व्याकरणीय कौशल में काफी सुधार हुआ। विद्यार्थी गृहकार्य में रूचि लेने लगे एवं वर्तमान में वर्तनी व विराम चिन्हों की त्रुटियों में कमी हुई है।

सुझाव :–

सभी विद्यालयों में श्रुतिलेख व सुलेख प्रतियोगिताऐं आयोजित करके अव्वल आने वाले विद्यार्थियों को प्रार्थना सभा व बालसभा में प्रोत्साहित करके छात्रों में लेखन कौशल का विकास किया जा सकता है एवं वर्तनी संबंधी अशुद्धियों को भी कम किया जा सकता है। यह कार्य प्रत्येक शनिवार को करना चाहिए।

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, चूरू

क्रियात्मक अनुसंधान प्रतिवेदन सत्र – 2021–22

अनुसंधान का शीर्षक

''कक्षा 3 व 5 के छात्रों में विषय वस्तु से संबंधित व अधिगम से ज्ञान में आने वाली बाधाएं में निराकरण प्रयास ।''

अनुसंधानकर्ता

श्रीमती संतोष राहड़, अ., राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, भालेरी, तारानगर, चूरू

शीर्षक :–''कक्षा 3 व 5 के छात्रों में विषय वस्तु से संबंधित व अधिगम से ज्ञान में आने वाली बाधाएं में निराकरण प्रयास ''।

प्रस्तावना :–

वर्तमान समय में राज्य सरकार द्वारा छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने पर बल दिया जा रहा है। छात्रों के सर्वांगीण विकास हेतु छात्र के लिए आवश्यक है। इसी के तहत वर्तमान में सामाजिक विज्ञान व छात्रों के विकासात्मक रूचि पर विशेष ज्ञान दिया गया हैं तथा यह एक महत्वपूर्ण विषय है। इसी के तहत राज्य सरकार द्वारा एनसीईआरटी के नये पाठ्यक्रम में अलग–अलग विषय जोड़े गये है। जिसमें छात्र के विकासात्मक ज्ञान अपना एक विशिष्ट एवं महत्वपूर्ण स्थान रखता है। प्रारम्भिक स्तर पर अधिकांश छात्र विषयवस्तु के बारे में कुछ नहीं जानते है। इसलिए बच्चों के स्तर व विषयवस्तु पर आधारित जानकारी के लिए इसके माध्यम से छात्रों में अवलोकन, तुलना, स्थिति, मापन आदि कौशलों का विकास होता है। विषयवस्तु को प्रभावी व रोचक बनाने के लिए शिक्षण व सहायक सामग्री की आवश्यकता होती है। चार्ट सामग्री की सहायता से छात्रों को पेड़–पौधो फलों के बारे में जानकारी दी जाए तो छात्र रूचिपूर्ण रूप से जानकारी दी जाए तो छात्र रूचिपूर्ण रूप से जानकारी लेगे।

शोध की आवश्यकता एवं उपयोगिता :–

इस शोध की आवश्यकता तारानगर तहसील जिला चूरू के रा.उ..मा.वि., भालेरी के कक्षा 3 से 5 के छात्रों में संबंधित दिशा, राज्यों, पेड़–पौधों की जानकारी देने के लिए व विकासात्मक ज्ञान स्तर को बढावा देने के लिए समस्याओं का समाधान करने के लिए प्रयास किया गया है।

समस्या समाधान :–

कक्षा 3 से 5 तक के छात्रों में विषय से संबंधित दिशा, जिलों व वातावरण संबंधी की जानकारी न होने की समस्या व समाधान।

उद्देश्य :–

- कक्षा 3 से 5 तक छात्रों में बौद्धिक विकास करना।
- छात्रों में शिक्षण स्तर को रूचिपूर्वक बनाने की जानकारी होना।
- शिक्षण प्रक्रिया प्रभावी बनाना।

क्षेत्र :–

शैक्षिक क्षेत्र से संबंधित क्रियात्मक परिकल्पनाएं –

- शिक्षक द्वारा कुछ विशेष कार्य आयोजन द्वारा वातावरण शुद्ध व दिशाओं का ज्ञान एबीएल व चार्ट के द्वारा करवाया जा सकता हैं।
- छात्रों को क्रियात्मक, प्रयोगात्मक व अवलोकन ज्ञान की जानकारी देने का प्रयास करेगें।

न्यादर्श :– चूरू जिले का रा.उ.मा.वि., भालेरी की कक्ष 3 से 5 तक छात्रों से संबंधित है।

शोध समस्या के कारण एवं साक्ष्य :–

कारण	साक्ष्य	अध्ययन अनुमान
वनस्पति व जीव–जन्तुओं की जानकारी न होना	कक्षा में शिक्षण कार्य करते समय	कक्षा में छात्रों से वार्तालाप करने पर
विषय संबंधित ज्ञान न होना	पूर्व परख द्वारा	अवलोकन करने पर
वातावरण की जानकारी न होना	वातावरण शुद्ध व अशुद्ध प्रश्न पूछने पर	वार्तालाप करने पर

शोध कार्ययोजना का निर्माण एवं कियान्वयन :–

शोधकर्ता द्वारा रा.उ.मा.वि., भालेरी में कक्षा 3 से 5 के छात्रों में विषय संबंधित ज्ञान को जांचने पर पाया गया कि छात्रों में वातावरण से संबंधित ज्ञान व विषय संबंधित सामान्य जानकारी का अभाव है। छात्र वातावरण, परिवार, वनस्पति के बारे में कुछ नहीं जानते हैं।

क्र.स.	कार्ययोजना	उपकरण	समय
1.	बाहरी वातावरण ज्ञान विभिन्न कार्य की जानकारी देना।	चार्ट, मॉडल बोर्ड पर चित्र	1 दिन
2.	पेड़ पौधो व जीव–जन्तुओं के बारे में बताना।	छोटा पौधा, फूल, पतियां आदि	1 दिन
3.	शब्द ज्ञान करवाना।	एबीएल कार्ड के माध्यम से	2 दिन

बातचीत पर आधारित :–

गतिविधि :– छात्रों को बाहरी वातावरण की जानकारी देने के लिए सुबह की दिनचर्या के बारे मे चच्र करना। विद्यालय प्रांगण में ले जाकर सूर्य की तरफ मुंह करके खड़ा किया व बताया गया यह पूरब दिशा है। इसके बाद बच्चों को खेल–खेल में बाहरी ज्ञान की जानकारी देने के कलए गतिविधि करवाया।

गतिविधि :– छात्रों को कक्षा कक्ष में विभिन्न प्रकार के चार्ट, मॉडल, एबीएल कार्ड द्वारा बताना व इनका वर्गीकरण कर अलग–अलग बताने के लिए कहा गया। फलों का चार्ट व कार्ड फूलों का कार्ड आदि।

गतिविधि :– इस गतिविधि द्वारा कौनसे फल गर्मियों में खाए जाते हैं। इसके लिए अलग–अलग फलों के कार्ड को उपयोग में लेते हुए गतिविधि का आयोजन किया गया है।

अनुसंधान कियात्मक शोध के पश्चात प्राप्त परिणाम :–

परिणाम व अनुभव के आधार पर कहा जाता है कि प्रत्येक बच्चें में सीखने की जिज्ञासा होती है अगर उसे गतिविधि आधारित शिक्षण करवाया जाए एवं अध्यापक द्वारा शिक्षण कार्य को रूचिकर बनाया जाएं। बच्चों द्वारा बाहरी वातावरण से संबंधित सामान्य ज्ञान पेड़–पौधो, जीव–जन्तुओं, स्वस्थ स्वास्थ्य की जानकारी आदि को गतिविधियों व रोचक ढंग से पढाया जाये।

पूर्व परीक्षण

क्र. स.	छात्र/छात्रा का नाम	पूर्णांक	प्राप्तांक	वि.वि.
1.	उतरा स्वामी	20	10	
2.	मुस्तफा	20	11	
3.	मो. इमरान	20	11	
4.	समीर खान	20	7	
5.	यास्मिन	20	6	
6.	सुफियान	20	8	
7.	सुहाना	20	6	
8.	शबनम	20	8	
9.	साहिबा	20	10	
10.	कंचन	20	12	

पश्च परीक्षण

क्र.	छात्र/छात्रा का नाम	पूर्णांक	प्राप्तांक	वि.वि.

स.				
1.	उतरा स्वामी	20	20	
2.	मुस्तफा	20	18	
3.	मो. इमरान	20	18	
4.	समीर खान	20	17	
5.	यास्मिन	20	13	
6.	सुफियान	20	14	
7.	सुहाना	20	12	
8.	शबनम	20	16	
9.	साहिबा	20	13	
10.	कंचन	20	20	

सुझाव :–

क्रियात्मक अनुसंधान की स्थिति परिणाम व अनुभव के आधार पर स्पष्ट है कि परिकल्पना के रूप में प्रयुक्त सुझावों को लागू करने पर छात्रों द्वारा की जाने वाली क्रियाएं प्रभावित हुई। गतिविधि आधारित शिक्षण कार्य करवाया जाये एवं अध्यापक द्वारा शिक्षण कार्य रूचिकर बनाया जाए। सहायक सामग्री से बच्चों में सीखने का उत्साह पैदा होता है। शोधकर्ता द्वारा क्रियात्मक शोध के क्रियान्वयन से स्पष्ट है कि सीखने की समस्याओं को दूर किया जाता है।

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, चूरू

क्रियात्मक अनुसंधान प्रतिवेदन सत्र – 2021–22

अनुसंधान का शीर्षक

''प्राथमिक स्तर विद्यार्थियों में शिक्षण अधिगम प्रक्रिया में वास्तविक अधिगम परिस्थितियों प्रोन्नति द्वारा अधिगम स्थिति को प्रोन्नति करना।''

अनुसंधानकर्ता

श्रीमती अनिता सोनी, व्याख्याता, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, ढाणी कुम्हारान, बीदासऱ, चूरू

शीर्षक :–

''प्राथमिक स्तर के विद्यालयों में शिक्षण अधिगम प्रक्रिया में वास्तविक अधिगम परिस्थितियों प्रोन्नति द्वारा अधिगम स्थिति को प्रोन्नति करना। ''।

पृष्ठभूमि/औचित्य :–

शिक्षकों द्वारा शिक्षार्थियों को वास्तविक अधिगम के लिये उपयुक्त परिस्थितियां प्रदत होती है। परन्तु वास्तविकता में यह स्थिति सोचनीय है। और इसका परिणाम यह स्पष्ट करता है कि हम किसी मेधावी बुद्धि के शिक्षार्थी का जिक्र करते हैं तो सोचते है कि मेधावी ने सर्वोच्च अंक प्राप्त किये है प्रखर बुद्धि या मेधावी होने का तात्पर्य है कि शिक्षार्थी को जीवन जीने का तरीका, समस्याओं के समाधान का तरीका इस तरह के प्रयास होना है। वास्तविकता में मेधावी छात्र समस्या समाधान के सुझाव प्रस्तुत करते हैं जबकि वह समस्या समाधान करने में सक्षम होता है। हमें यह भी ज्ञात है कि प्रारंभिक स्तर पर शिक्षार्थी मात्र ज्ञान का ही अर्जन करता है।

शोध उद्देश्य :–

प्रारंभिक शिक्षा में वास्तविक अधिगम स्थितियां प्रोन्नत कर अधिगम सुनिश्चित करने के लिये अधोलिखित उद्देश्यों को निर्धारित किया–

- शिक्षण अधिगम प्रक्रिया में वास्तविक अधिगम स्तर की जांच करना।
- वास्तविक अधिगम स्तर पर प्रोन्नति के लिए अपेक्षित परिस्थितियों की पहचान करना।
- वास्तविक अधिगम स्तर परिस्थितियों की शिक्षण अधिगम प्रक्रिया में प्रोन्नति के प्रयास करना।

परिकल्पना :–

अधिगम प्रोन्नति के शिक्षण अधिगम प्रक्रिया में परिवर्तन कर परिस्थितियां प्रदान कर अधिगम स्तर प्रोन्नति के संबंध में अपनी पूर्ण धारणाएं निश्चित की वो निम्न है–

- प्राथमिक स्तर में अधिगम प्रक्रिया वास्तविक अधिगम स्थिति प्रोन्नत करने के लिए कार्य करने का प्रयास करना।
- अधिगम परिस्थितियों को शिक्षक द्वारा निर्धारित कर शिक्षार्थी को वास्तव में अधिगम की स्थितियों में अनुभव स्तर को प्रोन्नत किया जा सकता है।

क्षेत्र :– शैक्षिक।

शोध विधि :– क्रियात्मक अनुसंधान हेतु प्रश्नावली विधि का प्रयोग किया गया।

न्यादर्श :– यह अनुसंधान कार्य रा.उ.मा.वि., ढाणी कुम्हारान, बीदासर में किया गया।

शोध उपकरण :–

समस्या समाधान के लिये क्रियात्मक शोधकार्य में समस्या से संबंधित कारण समस्या से संबंधित तथ्य संकलन के लिये मेरे द्वारा प्रश्नावली का सहयोग अधिगम स्तर प्रोन्नति के लिये अपेक्षित कार्य हेतु निर्धारण किया गया। उक्त उपकरण के प्रयोग से अन्वेषण कार्य में प्राप्त दतों का संकलन कर इनके आधार पर अंकन एवं सारणीयन किया गया।

प्रयुक्त सांख्यिकी :–

अन्वेषण कार्य के लिये परिकल्पना परीक्षण हेतु दत संकलनों से मध्य मानक का उपयोग किया गया। प्रश्नावली का प्रयोग कर पूर्व व अपेक्षित कार्य पश्चात पश्च पूष्टिपूर्ण प्राप्ति की गई।

दत संकलन प्रक्रिया :–

संकलित दतो की स्थिति पूर्व व पश्च परीक्षण मात्र अध्येता अधिगम स्थितियां प्रोन्नति प्रयास प्रदशित अधोलिखितानुसार रही है। इसके द्वारा अध्येता के अधिगम स्तर को ज्ञात किया गया।

अधिगम की स्थिति–

क्र.स.	वर्ग	पूर्व परीक्षण	पश्च परीक्षण
1.	0–5	7	9
2.	5–10	10	14
3.	10–15	9	16
4.	15–20	4	22
5.	20–25	7	24
6.	25–30	5	20
7.	30–35	2	18
8.	35–40	4	26
9.	40–45	6	23
	योग	54	172

पूर्व परीक्षण –

क्र.स.	वर्ग अन्तराल	x	बारम्बारता	fx
1.	0–5	2.5	7	17.5
2.	5–10	7.5	10	75
3.	10–15	12.5	9	112.5
4.	15–20	17.5	4	70
5.	20–25	22.5	7	157.5
6.	25–30	27.5	5	137.5
7.	30–35	32.5	2	65
8.	35–40	37.5	4	150
9.	40–45	42.5	6	255
	योग		54	1040

x= 1040/54=19.2

पश्च परीक्षण

क्र.स.	वर्ग अन्तराल	बारम्बारता	*x	fx
1.	0–5	9	2.5	22.5
2.	5–10	14	7.5	105
3.	10–15	16	12.5	200

4.	15–20	22	17.5	385
5.	20–25	24	22.5	540
6.	25–30	20	27.5	550
7.	30–35	18	32.5	585
8.	35–40	26	37.5	975
9.	40–45	23	42.5	977.5
	योग	172		4340

4340/172=25.23

दत विश्लेषण :–

उपरोक्त विश्लेषण से स्पष्ट है कि अधिगम स्थितियों में अधिगम प्रक्रिया द्वारा परिवर्तन संभव है यह परिवर्तन शिक्षक की संज्ञानात्मक स्पष्टता के आधार पर किया गया है। एवं इस की पूष्टि अध्येता के अधिगम स्तर पर परिवर्तन को प्रमाणित करने के लिये उपलब्धि की परीक्षा पूर्व परीक्षण द्वारा प्राप्त की गई है। इसे उपरोक्त तालिका द्वारा किया गया। उपरोक्त तालिका से स्पष्ट है कि अध्येता की उपलब्धि में परिवर्तन सार्थक है।

निष्कर्ष :–

क्रियात्मक शोधकार्य पश्चात यह स्पष्ट होता है कि सार्थकता का स्तर पर सार्थक है। और यह स्पष्ट होता है कि क्रियात्मक कार्य से अधिगम प्रक्रिया से वास्तविक अधिगम स्थिति परिवर्तित की जा सकती है। चूंकि उपलब्धि की जांच तुरन्त की गई अतः उपलब्धि की वस्तु स्थिति यह रही कि अध्येता द्वारा यह कहा गया कि मुझे समय या मार्गदर्शन पूनः मिलें तो मेरी यह उपलब्धि की स्थिति में और अधिक प्रोन्नति कर सकता हूं।

सुझाव :–

अध्यापन प्रक्रिया के समय अध्येता द्वारा किया जाने वाला व्यवहार के समझा की क्षमता पैदा करनी चाहिए। अध्यापन प्रक्रिया छात्र की आवश्यकता के अनुकुल होनी चाहिए। शिक्षक द्वारा अध्येता का उपरोक्ष रूप से सुक्ष्म अवलोकन करना चाहिए।

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, चूरू

कियात्मक अनुसंधान प्रतिवेदन सत्र – 2021–22

अनुसंधान का शीर्षक

''विद्यार्थियों में अवलोकन क्षमता विकास का प्रयास।''

अनुसंधानकर्ता

श्रीमती सुप्रिया, अ., राजकीय प्राथमिक विद्यालय, चक दड़ीबा, ढ़ढ़ेरू भामूवान, बीदासर, चूरू

शीर्षक :–

''प्राथमिक में अवलोकन क्षमता विकास का प्रयास।''

प्रस्तावना :–

प्रायः यह देखा जाता है कि देखा हुआ ज्ञान ज्यादा स्थायी व रूचिकर होता है। विद्यालय में भ्रमण अवलोकन आदि के द्वारा विद्यार्थियों को ज्ञान कराया जाता है जिससे विद्यार्थी उस ज्ञान को मूर्त रूप में देखकर उसकी तुलना करके उसे ग्रहण करता हैं। अवलोकन में बच्चें सक्रिय रहकर सीखते हैं जिससे शिक्षण रूचिकर व स्थायी होता है। अतः बच्चों में अवलोकन क्षमता का विकास कैसे किया जाये इसके शोध/आकलन की आवश्यकता है।

समस्या सीमांकन :–

अनुसंधान रा.प्रा.वि., चक दड़ीबा की कक्षा–5 के सभी विद्यार्थियों तक सीमित है।

शोध उद्देश्य :–

- विद्यार्थियों में अवलोकन की क्षमता का विकास करना।
- अवलोकन द्वारा शिक्षण को रूचिकर बनाना।
- छात्रों की शैक्षिक उपलब्धि पर अवलोकन द्वारा सीखने का प्रभाव ज्ञात करना।

क्षेत्र :– अनुसंधानकर्ता द्वारा किया गया शोध शैक्षणिक विषय के अन्तर्गत आता है।

विधि :– अवलोकन विधि, भ्रमण विधि।

समस्या के कारण व साक्ष्य :–

समस्या के कारण	साक्ष्य
छात्रों का अवलोकन के प्रति उदासीन होना	कक्षागत व्यवहार
विद्यार्थियों के अभिभावकों का अपने बच्चों को भ्रमण पर भेजने से इनकार करना।	कक्षाध्यापक से वार्तालाप
विद्यालय में शैक्षिक सहशैक्षिक साधनों का अभाव।	विद्यालय रिकॉर्ड
विद्यार्थियों का अवलोकन के पश्चात देखी गई बात को व्यवहार में न लाना।	विषयाध्यापक से वार्तालाप

परिकल्पना :–

समस्या के समाधान हेतू मन में ऐसे विचार आए जिन्हे क्रियान्वित कर हम उपरोक्त समस्या का समाधान कर सकें। यदि विद्यालय में मॉडल,चार्ट आदि का अवलोकन योग्य सामग्री हों एवं अभिभावक, शिक्षक, छात्रों में अवलोकन क्षमता का विकास होगा। विद्यालय में आवश्यक सहायक सामग्री उपलब्ध कराकर विद्यार्थियों से उसका अधिकतम उपयोग कराया जाये। विद्यार्थियों को ग्रम पंचायत, अस्पताल, नर्सरी, कारखाना एवं अन्य की जानकारी देने से पहले जहां तक हो सकेगा इनका प्रत्यक्ष भ्रमण कराकर अवलोकन कराया जाये जिससे बच्चें इन्हें प्रत्यक्षतः देखकर इनकी कार्यप्रणाली को समझ सकें। जिन स्थानों या वस्तुओं का प्रत्यक्षतः अवलोकन संभव नही हों उन्हें मोबाईल द्वारा दिखाया जाये तो बच्चों में अवलोकन क्षमता का विकास किया जा सकता है।

क्रियात्मक परिकल्पना के परीक्षण हेतू कार्ययोजना :–

कार्ययोजना के बिन्दू	कार्य जो करना है	साधन/उपकरण	समय

1. विद्यालय में उपलब्ध उपकरणों की लिस्ट बनाना व उन्हें सुचारू रूप से व्यवस्थित करना।	उपकरणों सहायक सामग्री को सही ढंग से व्यवस्थित करना	विद्यालय स्टॉक रजिस्टर	2 दिन
2. कक्षाध्यापक से सम्पर्क	पिछले शैक्षिक भ्रमणों की जानकारी लेना व उनका बच्चों पर प्रभाव ज्ञात करना।	कक्षाध्यापक से वार्तालाप	1 दिन
3. अभिभावकों से सम्पर्क	अभिभावक से चर्चा करना कि वे छात्रों को भ्रमण पर भेजने से मना क्यों करते हैं?	पीटीएम व एसडीएमसी बैठक में	2 दिन
4. विद्यार्थियों को प्रत्यक्ष/अप्रत्यक्ष अवलोकन का अवसर देना	अवलोकन के दौरान विद्यार्थियों पर नजर रखना और उनकी क्रियाओं को देखना।	मोबाईल, दर्शनीय स्थल।	2 दिन

दत संकलन अनुसंधान पूर्व की स्थिति के आधार पर :–

क्र.स.	अंकानुसार	छात्र/छात्रा	योग
1.	7–10	1	1
2.	4–6	4	4
3.	1–3	1	1

दतसंकलन अनुसंधान पश्चात की स्थिती के आधार पर –

क्र.स.	अंकानुसार	छात्र/छात्रा	योग
1.	7–10	1	1
2.	4–6	4	4
3.	1–3	1	1

दत विश्लेषण :–

- पर्यावरण अध्ययन विषय पढ़ाते समय बच्चों को विषय–वस्तु से संबंधित चित्र जब मोबाईल से दिखाए गए तो बच्चें रूचिपूर्ण रूप से सीख गए।
- अंग्रेजी विषय की कविता को बच्चों को मोबाईल पर दिखाकर सुनाया गया तो बच्चें उसे रूचि से लय–ताल में गाना सीख गये।
- बच्चों को ग्रम पंचायत, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, चौपाल आदि का अवलोकन करवाया गया तो उन्होंने उन्हें उत्साहपूर्वक देखा और जानकारी प्राप्त की।

निष्कर्ष :–

शोध के उपरान्त यह स्पष्ट होता है कि ज्ञान को रूचिकर स्पष्ट व स्थायी बनाने के लिए अवलोकन क्षमता का विकास आवश्यक है अवलोकन से ज्ञान रूचिकर होता है। अवलोकन से शिक्षण मनोरंजक और आनन्ददायी होता है एवं अवलोकन से प्राप्त किया गया ज्ञान स्थायी होता है।

सुझाव :–

विद्यार्थियों में संचार साधनों एवं निरंतर अवलोकन से अवलोकन क्षमता का विकास किया जाना चाहिए। छात्रों को समय–समय पर अवलोकन के अवसर मिलने चाहिए।

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, चूरू

क्रियात्मक अनुसंधान प्रतिवेदन सत्र – 2021–22

अनुसंधान का शीर्षक

''रा.बा.उ.प्रा.वि., घण्टेल के कक्षा 6 की छात्राओं मे स्वाध्याय का अभाव एक अध्ययन।''

अनुसंधानकर्ता

श्रीमती अंजना चौधरी, अ., राजकीय बालिका उच्च प्राथमिक विद्यालय, घण्टेल, चूरू

शोध शीर्षकः– रा. बा. उ. प्रा. वि. घण्टेल के कक्षा–6 की छात्राओं में स्वाध्याय का अभाव एक अध्ययन।

1 प्रस्तावनाः– विधार्थियों में शैक्षिक उन्नयन के लगातारसय प्रयास होते रहने पर भी अपेक्षित लाभ नहीं हो रहा है। आध्यात्मिक दृष्टि से स्वाध्याय के द्वारा व्यक्ति अथवा साधक स्वयं के सूक्ष्म चिन्तन एवं तद्नुरूप मनन से अपने आप बौद्धिक स्तर को बढाकर आत्म चिन्तन की पराकाष्ठा को प्राप्त कर सकने की ओर अग्रसर हो सकता है। शिक्षक के लिए स्वाध्याय का तात्पर्य कक्षा में अध्यापन हेतु सम्बन्धित विषय पर पूर्व चिन्तन व मनन कर अपने आपको छात्रों के समक्ष सम्बन्धित विषय के लिए तैयार एवं प्रस्तुत करने की पूर्व तैयारी है। छात्रों के लिए स्वाध्याय पठित एवं अपठित पाठों के सम्बन्ध में स्वयं द्वारा पठन एवं चिन्तन होता है। जिनके द्वारा वह जटिल विषय को भी हदगंम कर सकने में पूर्णतः सफल हो जाता है।

स्वाध्याय का शाब्दिक अर्थ है– स्वयं का अध्ययन करना ।अंत में हम कह सकते हैं कि स्वाध्याय का जीवन निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान है। स्वाध्याय से व्यक्ति का जीवन, व्यवहार, सोच और स्वभाव बदलने लगता है।

2 शोध का औचित्य :–विद्यार्थियों के स्वाध्याय में व्यवधान एवं अरूचि उत्पन्न कर रहे कार्यों को किस प्रकार दूर किया जा सके, प्रस्तुत क्रियात्मक शोध में यह स्पष्ट करने का प्रयास किया गया है, ताकि विद्यार्थी अपेक्षित लक्ष्यों को प्राप्त कर सके।

3 शोध के उद्देश्यः–

1 स्वाध्याय का महत्व बताना।

2 स्वाध्याय की ओर छात्राओं को अग्रसर करना।

3 रा. बा. उ. प्रा. वि. घण्टेल की कक्षा–6 की छात्राओं में स्वाध्याय की कमी के करणों का पता लगाना।

4 शोध की परिकल्पनाः– शहरी क्षेत्र के विद्यालय के विद्यार्थियों की अपेक्षा ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों में स्वाध्याय की प्रवृति प्रायः कम रहती है।

5 सीमांकनः– प्रस्तुत शोध चूरू जिले के ग्राम घण्टेल के रा. बा. उ. प्रा. वि. तक सीमित है।

6 न्यादर्शः– प्रस्तुत शोध में राजकीय बा. उ. प्रा. वि. घण्टेल की कक्षा–6 की 10 छात्राओं तथा चार विषयाध्यापकों को सम्मिलित किया गया है।

7 उपकरणः– स्वयं निर्मित प्रश्नावली

1 छात्रों के लिए

2 स्वयं के लिए

8 शोध विधिः– सर्वेक्षण प्रश्नावली के माध्यम से।

9 सांख्यिकीः– प्रस्तुत शोध में प्रतिशत का उपयोग किया गया है।

10 दत संकलन एवं सारणीकरणः–

न्यादर्श के अनुसार लिए गए कक्षा–6 के 10 विद्यार्थी एवं विषयाध्यापकों हेतु ली गई प्रश्नावली द्वारा प्राप्त दत संकलन निम्नलिखित विश्लेषण तालिका में संकलित है

उपकरण–01 (विश्लेषण तालिका–01)

(प्रश्नावली विद्यार्थी हेतु)

क्र. सं.	कथन	प्राप्त अभिमत		प्रतिशत	
		हां	नहीं	हां	नहीं
1	क्या आप नियमित विद्यालय आते है	7	3	70	30
2	क्या आपको गृहकार्य दिया जाता है	10	–	100	–
3	क्या आपका गृहकार्य नियमित जांचा जाता है	10	–	100	–
4	क्या आप गृहकार्य नियमित करते है	8	2	80	20
5	क्या आप घर पर नियमित पढाई करते है	7	3	70	30
6	क्या आपको प्रश्न उतर याद रह जाते है	6	4	60	40
7	क्या आप प्रश्नों को रटते है	9	1	90	10
8	क्या कक्षा में अध्यापक द्वारा पढाया याद रहता है	6	4	60	40
9	क्या आप विद्यालय की पढाई से संतुष्ट है	10	–	100	–
10	क्या आप स्वयं पढने में बाधा महसूस करते है	5	5	50	50

उपकरण–02 (विश्लेषण तालिका–02)

(प्रश्नावली शिक्षक हेतु)

क्र. सं.	कथन	प्राप्त अभिमत		प्रतिशत	
		हां	नहीं	हां	नहीं
1	क्या आप शिक्षण कराने से पूर्व स्वाध्याय करते है	04	–	100	–
2	क्या शिक्षण के समय विद्यार्थी रूचि लेते है	04	–	100	–

3	क्या आप नियमित कक्षा में शिक्षण कार्य करवाते है	04	—	100	—
4	क्या आप बच्चों को स्वाध्याय के लिए प्ररित करते है	04	—	100	—
5	क्या आप नियमित गृहकार्य देते है	04	—	100	—
6	क्या विद्यार्थी नियमित गृहकार्य करके लाते है	02	02	50	50
7	क्या विद्यार्थी पूछे गए प्रश्नों के उतर देते है	03	01	75	25
8	क्या विद्यार्थियों को दिए गए प्रश्न याद रह जाते है	01	03	25	75
9	क्या भौतिक सुविधाएं स्वाध्याय को प्रभावित करती है	02	02	50	50
10	क्या घरेलू कार्य छात्रों के स्वाध्याय में बाधक है	02	02	50	50

11 दत विश्लेषण एवं व्याख्याः— विद्यार्थी प्रश्नावली के आधार पर

तालिका 01 के अवलोकन के आधार पर कक्षा—6 की 70 प्रतिशत छात्राएं नियमित विद्यालय आती है। शत प्रतिशत छात्राओं का मानना है कि उनको गृहकार्य दिया जाता है तथा समय पर जांचा भी जाता है 80 प्रतिशत छात्राओं का मानना है कि वे घर पर नियमित पढाई करती है।
70 प्रतिशत छात्राओं का मानना है कि वे घर पर नियमित पढाई करती है।
60 प्रतिशत छात्राओं का मानना है कि उनको प्रश्न उतर याद रहते है।
90 प्रतिशत छात्राओं का मानना है कि वे प्रश्नों को रटती है।
60 प्रतिशत छात्राओं का मानना है कि उनको कक्षा में अध्यापक द्वारा पढाया याद रहता है।
शत प्रतिशत छात्राओं का मानना है कि वे विद्यालय की पढाई से संतुष्ट है।
50 प्रतिशत छात्राओं का मानना है कि वे स्वयं पढने में कठिनाई महसूस करती है।
दत विश्लेषण एवं व्याख्या (शिक्षक प्रश्नावली के आधार पर)
शत प्रतिशत शिक्षकों का मानना है कि वे शिक्षण कराने से पूर्व स्वाध्याय करते है।
शत प्रतिशत शिक्षकों का मानना है कि जब वे शिक्षण कराते हैं तो विद्यार्थी रूचि लेते है।
शत प्रतिशत शिक्षकों का मानना है कि वे नियमित कक्षा में शिक्षण कार्य करवाते है।
शत प्रतिशत शिक्षकों का मानना है कि वे बच्चों को स्वाध्याय के लिए प्रेरित करते है तथा नियमित गृहकार्य देते है।
50 प्रतिशत शिक्षकों का मानना है कि वे विद्यार्थी नियमित गृहकार्य करके लाते है
75 प्रतिशत शिक्षकों का मानना है कि विद्यार्थी पूछे गए प्रश्नों के उतर देते है।
25 प्रतिशत शिक्षकों का मानना है कि विद्यार्थियों को दिए गए प्रश्न याद रहते है।
50 प्रतिशत शिक्षकों का मानना है कि भौतिक सुविधाएं स्वाध्याय को प्रभावित करती है।

50 प्रतिशत शिक्षकों का मानना है कि छात्राओं का घरेलू कार्य करना स्वाध्याय में बाधक है।
12 निष्कर्षः– प्राप्त आंकड़ों व अभिमतों के अनुसार विद्यार्थियों में स्वाध्याय के प्रति सकारात्मक पक्ष उभर कर आया है फिर भी छात्राओं में स्वाध्याय में वृद्धि हेतु घरेलू वातावरण का प्रभाव पड़ता है। घरेलू कार्यों की अधिकता के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी छात्राओं को पढने का सम्पूर्ण समय नहीं मिल पाता है।

यदि घरेलू कार्यों की अधिकता तथा अभिभावकों की लड़कियों की शिक्षा को लेकर लापरवाही ना हो तो छात्राओं के शैक्षिक विकास में गुणात्मक सुधार हो सकता है।

13 सुझावः– शिक्षण में ज्ञान, कौशल व विकास हेतु चिंतन, मनन व प्रयास आवश्यक है।

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, चूरू

क्रियात्मक अनुसंधान प्रतिवेदन सत्र – 2021–22

अनुसंधान का शीर्षक

